बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

आदेश

आ०सं० :– 3/अ0प्र0–1–39/2022 2275 /पटना, दिनांक :– 13.8.24

श्री ललन कुमार सिंह, तदेन कनीय लेखा लिपिक, योजना एवं विकास विभाग सम्प्रति सेवानिवृत द्वारा योजना एवं विकास विभाग अन्तर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, कैमूर, सीतामढ़ी एवं शिवहर में पदस्थापन अवधि के दौरान तत्समय निर्गत विभागीय आदेशों को नजर अंदाज करते हुए उसका पालन नहीं करने, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, शिवहर में पदस्थापन अवधि के दौरान वरीय पदाधिकारी से उदंडतापूर्ण व्यवहार करने, स्पष्टीकरण में मिथ्या अभिकथन प्रतिवेदित कर अपने उच्चाधिकारियों एवं विभाग को भ्रमित करने का प्रयास करने, कुल 128 दिनों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं चिकित्सा का आवेदन देकर कुल 217 दिनों तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने इत्यादि आरोप में विभागीय कार्यालय आदेश सं0–31–सह–पठित ज्ञापांक 1873 अनु0 दिनांक 19.06.2024 के द्वारा मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।

श्री सिंह दिनांक 30.06.2024 को सेवानिवृत हो चुके है। अतः उनके विरूद्व संचालित विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
13/08/24
(डा0 फातेह फैयाज)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ0प्र0–1–39/2022 2275 /पटना, दिनांक :– 13.8.24

प्रतिलिपि :– संचालन पदाधिकारी–सह–मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार/श्री पंकज कुमार,सहायक अभियता–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी, मुख्य अभियंता–5 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार/श्री ललन कुमार सिंह, सेवानिवृत कनीय लेखा लिपिक, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को एक अतिरिक्त प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड को निदेश है कि श्री ललन कुमार सिंह, तदेन कनीय लेखा लिपिक, योजना एवं विकास विभाग सम्प्रति ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड से सेवानिवृत कनीय लेखा लिपिक को पत्र तामिला कराकर तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

13/08/24
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ0प्र0–1–39/2022 2275 /पटना, दिनांक :– 13.8.24

प्रतिलिपि :– आईटी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/08/24
संयुक्त सचिव

Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website :-http://rwd.bih.nic.org,, E-mail:Secartary rwd bihar@gmail.com,& secy-reo-bih@n